तापमान

अधिकतम 30.0 डिग्री

न्यूनतम 18.0 डिग्री

हरिभूमि

रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार, 20 नवंबर 2024

राजिम | फिंगेश्वर | छुरा | मुड़ागांव | रसेला | गरियाबंद | कोपरा | मैनपुर | देवभोग | पांडुका | छुईहा बेलर

10 जिले का कोई भी आंगनबाड़ी व स्कूल शौचालय...



12 जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन...



खबर संक्षेप

सूखा नदी बैराज संघर्ष समिति की किसान सभा आज



फिंगेश्वर। सूखा नदी बैराज संघर्ष समिति 18 गांव सुखा नदी बेल्ट जमागंव द्वारा किसान सभा तथा दीपावली मिलन समारोह क्रार्यक्रम का आयोजन 20 नवंबर को किया जा रहा है। जिसके मुख्यअतिथि सांसद श्रीमति रूपकुमारी चौधरी एवं राजिम विधायक रोहित साहू की अध्यक्षता होगी। सूखा नदी में बैराज की मांग बहुत समय से लंबित है।किसानों की मांग है कि सुखा नदी में बैराज बने और क्षेत्र के किसानों को अकाल और सुखा जैसे समस्या से निजात मिले।इसी विषय को लेकर बैराज संघर्ष समिति के द्वारा किसान सभा का आयोजन किया गया है जिसमे 18 गांव के किसान महिला पुरुष हजारों की संख्या में शामिल होंगे।इस कार्यक्रम को लेकर समिति के अध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने बताया कि इस कार्यक्रम को लेकर गांव गांव में मीटिंग हो रही है कोटवार के द्वारा मुनादी कराया जा रहा है। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में ग्रामीण जन किसान मजदूर इक्कठा होंगे। सुखा नदी बैराज संघर्ष समिति के अध्यक्ष भुनेश्वर साहू किसान नेता ने क्षेत्र के किसानों से अधिक अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है। सूखा नदी में बैराज बनने से जामगांव क्षेत्र के 18 गांव के किसानों को खेती के लिए पर्याप्त पानी मिलेंगे। इसके साथ ही छुरा क्षेत्र के सैकड़ों गांव में पानी पहुंचेगा।

ब्लॉक स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता आज

मैनपुर। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्श अनुसार 20 नवंबर को सुबह 9 बजे से पैरी स्टेडियम भाठीगढ़ में महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। उक्त जानकारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मैनपुर महेश पटेल एवं खेल प्रभारी यशवंत बघेल ने देते हुए बताया प्रतिवर्ष अनुसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा महिला खेलकुद प्रतियोगिता का अयोजन भाठीगढ़ स्टेडियम में 20 नवंबर को किया गया है।

87 बच्चे स्पांसरशिप योजना से लाभान्वित

गरियाबंद। कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने असहाय एवं अनाथ बच्चों के बेहतर भविष्य एवं उनके देखभाल के लिए संवेदनशील कदम उठाते हुए महत्वपूर्ण स्वीकृति दी है। उन्होंने जिले के 87 असहाय बच्चों को स्पॉन्सरशीप योजना का लाभ दिलाने की स्वीकृति दी है। इसके तहत अनाथ एवं असहाय बच्चों को प्रतिमाह 4 हजार रूपये की सहायता राशि मिलेगी। जिससे उनके देखभाल, भरणपोषण एवं पढ़ाई लिखाई में सहायता होगी। स्पॉन्सरशीप योजना से लाभ दिलाने महिला एवं बाल विकास विभाग के समक्ष आवेदन प्राप्त हुए थे। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने आवेदनों की समीक्षा करते हुए अनाथ बच्चों की भलाई के लिए संवेदनशील कदम उठाते हुए एक साथ 87 बच्चों के लिए योजना की स्वीकृति दी।
स्पान्सरशीप योजना के तहत बच्चों के अधिकार व संरक्षण के क्षेत्र में आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर परिवार में निवासरत विशेष देख-रेख वाले बच्चे, अनाथ, परित्यक्त बच्चों को उनके स्कूलों में पढ़ाई करने एवं उन्हे आधारभूत वस्तुएं उपलब्ध कराने के लिए सहायता दी जाती है। जिसमें नवीन 87 बच्चों को स्पांसरशीप योजना से लाभान्वित किया गया। इसके पूर्व में 189 से अधिक बच्चों को भी लाभान्वित किया जा चुका है। स्पांसरशीप योजना अंतर्गत प्रति माह राशि 4 हजार रूपये से लाभान्वित किये जाने हेतु स्पांसरशीप समिति की बैठक आहुत की गई थी। स्पांसरशीप एवं फास्टर केयर समिति के अध्यक्ष कलेक्टर ▶▶|शेष पेज 10 पर

डिजिटल क्लास के माध्यम से बोर्ड परीक्षा एवं नीट-जेईई की होगी बेहतर तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

कलेक्टर अग्रवाल ने ऑनलाइन क्लास का किया शुभारंभ

जिले में डिजिटल क्लास का संचालन शुरू हो गया है। गौरव गरियाबंद अभियान के तहत आज संयुक्त जिला कार्यालय के कक्ष क्रमांक 88 में कलेक्टर अग्रवाल ने ऑनलाइन क्लास का शुभारंभ किया। कक्ष में डिजिटल एवं इन्टरेक्टिव स्क्रीन के माध्यम से बोर्ड परीक्षाओं में शामिल पाठ्यक्रम का अध्यापन कराया जायेगा। क्लास में डिजिटल स्क्रीन के साथ कम्प्यूटर सिस्टम, इंटरनेट कनेक्टिविटी एवं अत्याधुनिक अध्यापन सामग्रियां उपलब्ध कराई गई है। इस डिजिटल क्लास से जिले के सभी हायर सेकेण्डरी स्कूल को जोड़े गये है। जिससे डिजिटल क्लास में पढ़ाई जानी वाली पाठ्यक्रम को सभी स्कूलों में स्थापित डिजिटल बोर्ड के माध्यम से बोर्ड परीक्षाओं के बच्चे पढ़ सकेंगे। ऑनलाईन क्लास में पढ़ाने के लिए आवश्यक विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की भी ड्यूटी लगाई गई है। ऑनलाईन क्लास के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्रों एवं विषय शिक्षक की कमी वाले स्कूलों के बच्चे भी बेहतर तरीके से बोर्ड परीक्षा के साथ नीट एवं जेईई की भी तैयारी कर सकेंगे। कलेक्टर अग्रवाल ने ऑनलाईन क्लास का शुभारंभ करते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षा परिणाम में सुधार के लिए डिजिटल क्लास विशेष रूप से सहायक होगा। इसके माध्यम से बोर्ड परीक्षा के बच्चे अपने परीक्षा परिणाम को बेहतर कर सकेंगे। साथ ही मेडिकल एवं इंजीनियरिंग के प्रवेश परीक्षाओं के लिए भी बेहतर मार्गदर्शन एवं प्रश्न हल करने की तकनीक सीख सकेंगे। उन्होंने ऑनलाईन क्लास को नियमित संचालित करने एवं ▶▶|शेष पेज 10 पर

प्रतिदिन 2 विषय की होगी क्लास

क्लास में गणित, भौतिकी, रसायन तथा जीवविज्ञान में से प्रतिदिन 2 विषय के क्लास आयोजित होंगें। क्लास का समय 2 से 3 तथा 3 से 4 बजे का होगा। माह भर के लिए प्रतिदिन 2 विषय के टाईमटेबल जारी किये गये हैं। शेडयूल एक माह पूर्व विषय शिक्षकवार एवं टापिकवार पहले ही तय कर जारी कर दिये जायेगें। एक विषय शिक्षक को माह में मात्र 2 से 3 टापिक पर निर्धारित तिथि को क्लास लेना होगा, जो पहले से तय शेडयूल होगा। इससे शिक्षक को तैयारी का पर्याप्त समय मिल पायेगा। शिक्षक शिक्षण सामग्री को पहले से तैयार करके भी डिजिटल बोर्ड में डिस्प्ले कर पायेगा। यह बच्चों की तैयारी में सहायक होगा।



नीट, जेईई व बोर्ड परीक्षा की तैयारी

श्री मनोज केला ने बताया कि आनलाईन क्लास जिला परिसर में स्थापित स्टूडियो के माध्यम से सभी हायर सेकेण्डरी मे प्रसारित होगा। ऑनलाईन क्लास कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय के लिए नीट एवं जेईई तथा बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए होगा। इस के लिए ऐसे टापिक का चयन किया जायेगा जो बोर्ड तथा जेईई के लिए कामन तथा उपयोगी होगें, ताकि क्लास के सभी बच्चें एक साथ इसका लाभ ले सकें। मेधावी, चयनित बच्चों के लिए अलग से एनआईटी स्टुडेंट को मेंटर्स टीचर्स के रूप में नियुक्त किए गए हैं, जो इन्हें विषयगत कठिनाईयों को हल करने, शंका समाधान आदि के लिए आनलाइन तथा व्हाटसअप पर उपलब्ध होगें।

मांग : एसडीएम के आश्वासन के बाद सौंपा ज्ञापन, चक्काजाम किया गया स्थगित

कॉलेज भवन की मांग को लेकर सैकड़ों छात्र छात्राओं ने नेशनल हाईवे में किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

स्कूल- कॉलेज के पास खुद का भवन नहीं, पहले कांग्रेस सरकार ने चक्कर लगवाया अब भाजपा सरकार से भी समस्या के समाधान नहीं होने पर मंगलवार को आक्रोशित सैकडो छात्रों ने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बैनर तले नेशनल हाइवे 130 सी पर चक्काजाम कर दिया और जमकर नारेबाजी करने लगे। 3 घंटे चक्काजाम के बाद मैनपुर एसडीएम पंकज डहिरे के अश्वासन के बाद ज्ञापन सौपकर चक्काजाम स्थगित किया गया। जिले मैनपुर विकासखण्ड के गोहरापदर कॉलेज हाईस्कूल में संचालित हो रहा है। इसी तरह हायर सेकेंडरी का भी खुद का भवन नहीं है। उरमाल के ठेकेदार निर्माण का टेंडर लेकर भवन का काम बंद कर दिया है। पर्याप्त शैक्षणिक परिसर की मांग लगातार उरमाल गोहरापदर के छात्र कई साल से करते आ रहे हैं। मांग को लेकर छात्रें का नेतृत्व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद करते आ ▶▶|शेष पेज 10 पर





समाधान किया जाएगा

छात्र-छात्राओं द्वारा कालेज भवन निर्माण, अधुरे स्कूल भवन व कई मांगों को लेकर चक्काजाम किए थे। समझाइस के बाद ज्ञापन सौपा गया है जो भी समस्याएं है। कल बैठक बुलाई गई है वहां चर्चा कर समाधान किया जाऐगा।
पंकज डहिरे, मैनपुर एसडीएम

पुल निर्माण कार्य को जल्द शुरू करवाएं

अमलीपदर में उच्च स्तरीय पुल का निर्माण कार्य विगत 5 वर्षों से निर्माणाधीन है करीब 15 गांव के 500 छात्र इसी नदी को पार करते है जल्द पुल निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया जाए। उरमाल हायर सेकण्डरी स्कूल भवन निर्माण कार्य को जल्द से जल्द प्रारंभ किया जावे। मैनपुर नवीन महाविद्यालय के मूल भवन तक पक्की सड़क का निर्माण किया जावे। मूचबाहल का हाईस्कूल में शौचालय निर्माण किया जावें।

ठोस आश्वासन नहीं मिला

आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के जिला संयोजक रंजन यादव क्षितिज नारायण तिवारी ने कहा कि लगातार कॉलेज भवन और स्कूल भवन निर्माण की मांग कर रहे है लेकिन इस ओर पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस सरकार द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया गया और अब भाजपा सरकार में महीनों से मांग को रखते आ रहे है। स्थानीय भाजपा नेताओं के माध्यम से भी सरकार तक अपनी बाते पहुंचा रहे हैं। लेकिन हमारी मांगों पर विचार करना तो दूर अब तक किसी ने ठोस आश्वासन तक नहीं दिया। इस मौके पर प्रमुख रूप से लिकेश, नागेश, कृष्ण कांत वैष्णव, मनीश सिन्हा, गिरीश मांझी, गुरू नारायण यादव, हिमेंश निधि, सौरभ साहू, फराहन मेमन, निरंजन सिन्हा, दीपक रेहान मेमन, शिवा अभिवन कश्यप एवं बड़ी संख्या में छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

झरझरा माता मंदिर तक एप्रोच रोड की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

क्षेत्र के प्रसिद्ध तीर्थ और पर्यटन स्थल के रूप में झरझरा माता मंदिर पहचान बना रहा है। यह ग्राम मुरमुरा की पहाड़ी पर विराजमान है जिसके एक छोर पर जतमाई देवी और दूसरे छोर पर मां घटारानी का मनोहारी दृश्य पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है और इन दोनों के बीचों बीच झरझरा माता का मंदिर है। जहां पहुंचने के लिए आज भी कोई सुगम मार्ग नहीं बन पाया है जिससे माता के श्रद्धालुओं को काफी कठिनाइयों का सामना करते हुए माता के दरबार में पहुंचना होता है। ग्राम पंचायत मुरमुरा द्वारा ग्राम लोहरसी के सरगी नाला पुल से झरझरा माता मंदिर तक एप्रोच रोड का प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा गया है बावजूद आज तक कोई उल्लेखनीय प्रगति इस दिशा में ना होता देख ग्रामीणों का एक समूह नारायण साहू, गणेश साहू, रोहित साहू और खोवा राम साहू के नेतृत्व में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और पीडब्लूडी मंत्री अरूण साव से मिलकर मांग पत्र सौंपते हुए जल्द से जल्द पहुंच मार्ग की मांग रखी है। जिस पर उन्हें ठोस आश्वासन मिलना बताया गया है।

एनएच को पार कर फिर पहुंचा हाथी

मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 4 किलो मीटर दूर नेशनल हाईवे 130 सी मैनपुर गरियाबंद मार्ग में हनुमान मंदिर के सामने आज सुबह चार बजे वाहनो की लम्बी काफिला लग गई। कड़ाके के ठंड में वाहन चालक परेशान हो गए क्योंकि नेशनल हाईवे को पार कर एक हाथी मैनपुर वन परिक्षेत्र के जंगल में प्रवेश किया है। हाथी लगभग 3 बजे रात के आसपास सड़क के किनारे पहुंच गया था और इसकी जानकारी लगते ही सुरक्षा के लिहाज से वाहनों को दोनों ओर रोक दिया गया। हाथी लगभग एक घंटे बाद नेशनल हाईवे को पार कर गिरहोला जंगल होते हुए सिंहार काटादोना के जंगल में पहुंच गया है। मिली जानकारी के अनुसार दल से बिछड़कर अकेले घुम रहे यह



हाथी गोबरा के जंगल में दस दिनों से डेरा डाला था और कल सोमवार को दोपहर के बाद हाथी मैनपुर के तरफ बढ़ने लगा था जिसके बाद वन विभाग पूरी तरह मुस्तैद था। हाथी आज मैनपुर वन परिक्षेत्र के सिंहार जंगल क्षेत्र में विचरण कर रहा है। वन विभाग के एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद सोरी ने बताया यह हाथी गोबरा जंगल से होते हुए नेशनल हाईवे को पार कर काटादोना के जंगल में पहुंच गया है।

सर्वर की समस्या, ऑनलाइन एंट्री को लेकर हुई दिक्कत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

धान खरीदी केन्द्रों में किसानों के धान तौल तो सुचारू रूप से संपन्न हो रहा है। परन्तु क्षेत्र में नेटवर्क या सर्वर की समस्या के कारण किसानों को आधार सत्यापन नहीं होने से 19 नवंबर को तौल होने के बाद सुबह से शाम तक एंट्री कराने में किसानों को घंटों खरीदी केंद्र में बैठना पड़ा। डाटा आपरेटर के अनुसार कही 2 बजे कही 3 बजे और कही 5 बजे नेटवर्क आने के बाद सत्यापन हो पाया। इस दौरान किसान दिन भर खरीदी केंद्र में ही बैठे रहे क्योंकि जब तक सत्यापन नहीं हो पाता, बेचे गए धान की एंट्री नहीं हो पाती और किसानों का भुगतान नहीं हो पाता। 19 नवंबर को 28 किसानों से 1684 क्विंटल धान खरीदी की गई। सरकार द्वारा प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी कर रही है। मोटा



धान 2300 सौ रूपए, पतला 2320 , सरना 2300 सौ रूपए प्रति क्विंटल खरीदी की जा रही है। 3100 सौ रूपए में अंतर की राशि बाद में किसानों को अगले वर्ष की तरह दिया जावेगा। धान खरीदी सुचारू रूप से हो रहा है अथवा नहीं या किसी प्रकार की समस्या तो नहीं इसके चलते अधिकारी कर्मचारी हर दिन निरीक्षण किया जा रहा है।

सतनामी समाज परिचय सम्मेलन में 14 लोगों का रिश्ता हुआ तय



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

सतनामी समाज तहसील परिक्षेत्र अभनपुर के तत्वाधान में सतनामी समाज का प्रदेश स्तरीय युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन सतनाम भवन धमतरी रोड अभनपुर में हुआ।

- सम्मेलन में 308 युवतियां एवं 170 युवकों ने हिस्सा लिया

उक्त आयोजन में भाग लेने 478 प्रतिभागियो द्वारा पंजीयन कराया गया था। जिसमें 308 युवतियां एवं 170 युवको ने हिस्सा लिया तथा 253 लोगों की काउसलिंग हुआ जिसमें 14 लोगों का रिश्ता तय हुआ। सतनामी समाज तहसील परिक्षेत्र अभनपुर अध्यक्ष राधाकृष्ण टंडन के मार्गदर्शन मे प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी समाज के युवक युवतियो का परिचय सम्मेलन रखा गया था जिसमे प्रदेश के लगभग सभी जिले से समाज के लोग इस कार्यक्रम मे भाग लेने पहुंचते है। समाज अध्यक्ष राधाकृ ष्ण टंडन ने चर्चा करते कहा कि समाज के युवक- युवतियो के रिश्ते ढूढने में होने वाले खर्च से बचने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जाता है। एक-दूसरे से संपर्क स्थापित होने पर परिचय होता है। इस आयोजन में जितने भी पंजीयन होते है उसका सामाजिक पत्रिका में प्रकाशन भी किया जाता है। कार्यक्रम में नीलकमल गिलहरे, लोकमनी कोसले, अखिलेश निराला, मुन्ना बांधे, छन्नू बघेल, कमलेश गिलहरे, त्रिवेण टंडन, भूपेन्द्र महिलांग, अशोक डहरिया, नवीन बंजारे, दयाराम जांगड़े, ऋषि बारले सहित क्षेत्र के प्रमुख सामाजिक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

योजनाओं के सेचुरेशन के लिए लगाएं कैंप : कलेक्टर

वन अधिकार पट्टों के लंबित प्रकरणों का करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

विभागीय योजनाओं में प्रगति के संबंध में कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने विभिन्न विभागों में लंबित प्रकरणों की जानकारी लेकर सभी प्रकरणों का समय - सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने लोगों को योजनाओं से शत- प्रतिशत लाभान्वित करने के उद्देश्य से छुटे हुए पात्र लोगों के लिए विशेष रूप से सेचुरेशन कैम्प

- स्कूली बच्चों के आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाने में लाएं प्रगति
- कलेक्टर ने समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देश



लगाने के निर्देश दिये। उन्होंने सर्वे सूची अनुसार मुलभूत सुविधाओं से वंचित लोगों की जानकारी लेकर उन्हें सेचुरेशन कैम्प में लाभान्वित करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने इसके लिए सभी जनपद सीईओ को गंभीरतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने समीक्षा बैठक में वन अधिकार पट्टों के लिए लंबित प्रकरणों की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने ऐसे लंबित प्रकरणों की विधिवत जांच परीक्षण कर आवश्यक निराकरण करने के निर्देश दिये। साथ ही अपात्र आवेदनकर्ताओं को पात्रता के संबंध में उचित जानकारी भी देने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने बैठक में स्कूली बच्चों के आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र निर्माण के प्रगति की भी जानकारी ली। उन्होंने छुटे हुए बच्चों के प्रमाण पत्र बनाने के कार्यो में प्रगति लाने के निर्देश देते हुए साप्ताहिक प्रगति रिपोर्ट भी प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में जिला पंचायत सीईओ रीता यादव, अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय, सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468

खबर संक्षेप

सिंघनपुर में 24 क्विंटल अवैध धान जब्त

महासमुंद। तहसील महासमुंद अंतर्गत ग्राम सिंघनपुर में राजस्व एवं मंडी विभाग की संयुक्त कार्रवाई में 24 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया। यह कार्रवाई लघु फुटकर व्यापारी रेखराम साहू के खिलाफ की गई, जो बिना वैध दस्तावेज के धान का भंडारण कर रहा था। प्राप्त जानकारी के अनुसार विभागीय टीम ने सूचना के आधार पर मौके पर छापेमारी की। जांच में पाया गया कि धान का संग्रहण नियमानुसार नहीं था, जिसके चलते धान जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई। इस कदम का उद्देश्य अवैध धान व्यापार पर लगाम लगाना और मंडी नियमों को सख्ती से लागू करना है। प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे अपना धान केवल अधिकृत केंद्रों पर ही बेचें और किसी भी अवैध गतिविधि से दूर रहें।

चोरी करने घुसे अज्ञात व्यक्ति ने बाइक में की तोड़फोड़

महासमुंद। चोरी करने की नीयत से घर में घुसे अज्ञात व्यक्ति ने बाइक, खिड़की की जाली को नुकसान पहुंचाया। थानापारा बागबाहरा के इस मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस को लखनलाल देवांगन ने बताया कि उसके घर में 16 अक्टूबर की रात 2 से 2.50 बजे अज्ञात व्यक्ति द्वारा घर में घुसकर मोटर सायकल में तोड़फोड़ एवं खिड़की की जाली खींचकर गिराया गया और दूसरी खिड़की के जाली को धारदार हथियार से काटा गया है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 324(2), 62 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

शराब पीने की सुविधा देने पर कार्रवाई

महासमुंद। ग्राम बल्दीडीह में लोगों को शराब पीने की सुविधा देने वाले एक व्यक्ति पर सांकरा पुलिस ने कार्रवाई की है। ग्राम बल्दीडीह में एक व्यक्ति अपने घर के सामने में आम लोगों को शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहा है। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने रेड की कार्रवाई की, जिस पर शराब पीने वाले लोग भाग गए।

अभियान : जिले में 10 दिसंबर तक चलेगा हमर शौचालय-हमर सम्मान अभियान

जिले का कोई भी आंगनबाड़ी व स्कूल शौचालय रहित न रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

राज्य स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत जिले में विश्व शौचालय दिवस 19 नवम्बर से प्रारंभ होकर 10 दिसम्बर मानव अधिकार दिवस तक हमर शौचालय-हमर सम्मान अभियान चलेगा। इस अभियान के दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएगी। मंगलवार को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने विश्व शौचालय दिवस का ऑनलाईन शुभारंभ किया। जिले के एनआईसी कक्ष से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिला पंचायत सीईओ रीता यादव तथा सभी जनपद सीईओ शामिल हुए। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने शौचालय के प्रति जागरूकता लाने हमर शौचालय-हमर सम्मान अभियान का गंभीरतापूर्वक क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल, आंगनबाड़ी में बच्चों को इस विषय में जागरूक करने तथा अभिभावकों को भी स्वच्छता के प्रति योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। उन्होंने कहा कि जिले के कोई भी स्कूल एवं आंगनबाड़ी शौचालय रहित न रहे, यह भी सुनिश्चित करें।





बेस्ट सामुदायिक शौचालय स्पर्धा होगी

इस अभियान के दौरान आयोजित गतिविधियों के तहत व्यक्तिगत शौचालय निर्माण हेतु पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र का वितरण, ग्राम पंचायत स्तर पर बेस्ट व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय प्रतियोगिता का आयोजन एवं ब्लॉक-जिला स्तर पर बेस्ट सामुदायिक शौचालय प्रतियोगिता का आयोजन होगा। हमर शौचालय-हमर सम्मान अभियान के दौरान स्कूल, आंगनबाड़ी केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र आदि में सामुदायिक शौचालय की उपलब्धता की स्थिति का आकलन एवं शौचालय उपलब्ध नहीं होने व शौचालय निर्माण की राशि संबंधित विभाग में उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में सामुदायिक शौचालय के निर्माण के लिए स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, 15वें वित्त, सीएसआर, डीएमएफ आदि मदों में स्वीकृति दिया जाना है।

प्रतिनिधियों-कर्मचारियों का होगा सम्मान

इसी तरह विभिन्न जल प्रदाय योजना के जल का परीक्षण, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण प्रबंधन समिति की बैठक, स्वच्छाग्राहियों-सफाई मित्रों को जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए डिगनिटी कैम्प का आयोजन और ओडीएफ के स्थायित्व में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले ग्राम पंचायत एवं खण्डस्तरीय प्रतिनिधियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा। मानव अधिकार दिवस पर 10 दिसम्बर को अभियान का समापन होगा।

किसी भी समाज के विकास में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

भगवान सहस्त्रबाहू की जयंती तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में छत्तीसगढ डडसेना कलार समाज तहसील मैनपुर के द्वारा बड़े ही धुमधाम के साथ मनाया गया। सुबह 10 बजे भगवान सहस्त्रबाहू की पूजा अर्चना कर क्षेत्र प्रदेश व देश में सुख, शांति ,समृद्धि व खुशहाली की कामना की गई। पश्चात एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव शामिल होने पहुंचे तो सिन्हा समाज के लोगों ने उनका ऐतिहासिक गजमाला के साथ स्वागत किया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि किसी भी समाज के विकास में युवाओं की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है। इसलिए समाज के युवाओं को अपने ऊर्जा को समाज के विकास के लिए और रचनात्मक कार्यों के लिए लगाने की जरूरत है।

समाज में बालिकाओं की शिक्षा पर देना होगा जोर

मैनपुर मडलेश्वर दशरू राम सिन्हा ने कहा कि हमारा सिन्हा समाज आज पहले से ज्यादा शिक्षित है और मै सभी से आग्रह करता हूं कि वर्तमान समय मे समाज की स्थिति व उन्नति को देखते हमें प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से जागरूक होना पड़ेगा। दुलार सिन्हा ने कहा की हमें समाज में फैली कुरूतियों को दूर कर समाज को एक जूट करना है समाज में बालिकाओं की शिक्षा पर जोर देना है। इस मौके पर प्रमुख रूप से सिन्हा समाज के मण्डलेश्वर दसरूराम सिन्हा, जिला कोशाध्यक्ष कुलेश्वर सिन्हा, संरक्षक दुलारसिंन्हा, महिला मंच जिला अध्यक्ष कुलेश्वरी सिन्हा, सचिव भागवत सिन्हा, मन्नुराम सिन्हा, निर्मय सिन्हा, लता सिन्हा, रूखमणी सिन्हा, रिना सिन्हा, निमेश सिन्हा, दिनेश सिन्हा, प्रदीप सिन्हा, कांति सिन्हा, बिसाहू सिन्हा, बिहारी लाल सिन्हा, कल्याण सिन्हा, प्रेमलाल सिन्हा, सुरेश सिन्हा, जुम्मन सिन्हा, अन्नुधर सिन्हा, भानु सिन्हा, रामेश्वर लाल सिन्हा, धनेश सिन्हा सहित बड़ी संख्या में सिन्हा समाज के लोग उपस्थित थे।



जिले में अब तक 1 लाख 63 हजार 400 क्विंटल धान का उपार्जन

महासमुंद। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में जिले के धान खरीदी केंद्रों पर शासन द्वारा निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य प्रगति पर है। जिले में 182 उपार्जन केंद्रों में धान उपार्जन के लिए जिले के एक लाख 62 हजार से अधिक किसान पंजीकृत है। नोडल अधिकारी अशीष शर्मा ने बताया कि आज मंगलवार तक जिले में एक लाख 63 हजार 400 क्विंटल धान का उपार्जन किया जा चुका है। जिसमें एक लाख 59 हजार 488 क्विंटल मोटा धान, 11 क्विंटल पतला धान तथा 3 हजार 899 क्विंटल सरना धान शामिल है। महासमुंद विकासखण्ड अंतर्गत 38 उपार्जन केंद्रों में 26 हजार 845 क्विंटल धान, बागबाहरा के 31 उपार्जन केंद्रों में 46 हजार 900 क्विंटल, पिथौरा के 44 केंद्रों में 29 हजार 869 क्विंटल, बसना के 36 उपार्जन केंद्रों में 16 हजार 54 क्विंटल एवं सरायपाली विकासखंड अंतर्गत 33 उपार्जन केंद्रों में 43 हजार 730 क्विंटल धान की खरीदी की गई है।

प्रतिभा साहू का चयन एम्स भुनेश्वर में हुआ



फिंगेश्वर। कुमारी प्रतिभा साहू पिता अमरलाल साहू नगर पंचायत फिंगेश्वर वार्ड नंबर 1 निवासी एम्स के आल इंडिया परीक्षा में 583 रैंक प्राप्त कर तीसरे प्रयास में सफलता प्राप्त की है। जिसके तहत प्रतिभा की नियुक्ति एम्स भुवनेश्वर में हुई है। उनके इस सफलता पर आज छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के उपाध्यक्ष भुनेश्वर साहू ने उनके परिवार सहित प्रतिभा के प्रतिभा को घर जाकर सम्मानित किया एवं उन्हे बधाइदी। प्रतिभा के पिता एक किसान है लेकिन उनके सतत प्रयास से एक किसान की बेटी एम्स जैसे संस्थान में नर्सिंग आफिसर के पद पर नियुक्त हुई है।इस सफलता के लिए पूरे परिवार को हार्दिक शुभकामयाये दी है।

सिंचाई के लिए पानी को लेकर अमितेश ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना

फिंगेश्वर। प्रथम पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री अमितेश शुक्ल नें फिंगेश्वर रेस्ट हाउस में प्रेस वार्ता कर भाजपा सरकार पर साधा निशाना। अमितेश शुक्ल नें कहा की आज तक के इतिहास में कभी ऐसा नहीं हुआ की किसानों को रवि फसल में तभी पानी दिया जायेगा जब किसान दलहन, तिलहन लगायेगा। मैं यहां 40 सालों से दौरा करते आ रहा हुं और हमारी भावना ही यही रही है की राजिम विधानसभा क्षेत्र के किसानों को 2 फसल मिले। मेरे पिता स्व. श्यामा चरण शुक्ल की भावना यही रही की किसानों को रवि फसल के साथ साथ खरीफ फसल में भी पानी की कमी ना हो इसलिए सिकासार बांध बनवाया था।बिजली की कमी के चलते किसानों को पानी सिचाई करने में समस्या होती थी, तब अपने पिता के पदचिन्हो में चलते हुए मैंने भी मंत्री रहते हुए किसानों की सिचाई के लिए कोमा सब स्टेशन बनवाया था।एक तरफ भाजपा सरकार कह रही है की पानी की कमी के चलते रवि फसल में किसानों को धान लगाने पर पानी नहीं दिया जायेगा, सोसल मिडिया मे देखा गया है कि जगह- जगह कोटवार द्वारा मुनादी कराया जा रहा है की रवि फसल में दलहन, तिलहन की जगह पर धान लगाया जायेगा तो 50 हजार जुर्माना लिया जायेगा। तो दूसरी तरफ भाजपा सिकासार बांध के पानी को महासमुंद देने की बात करती है। भाजपा ये सिद्ध कर रही है की यह पार्टी किसान विरोधी पार्टी है और ये उद्योगपतियों की पार्टी है। आगे शुक्ल जी नें कहा की इन्होने अपने घोषणा पत्र में लिखा है की सिकासार बांध का पानी महासमुंद और सराईपाली ले जायेंगे,तो मै भाजपा सरकार से पूछना चाहता हुं कि जब पानी की समस्या हो रही है तो आप सिकासार बांध के पानी को महासमुंद क्यों ले जा रहे है? ऐसा कृत्य करके भाजपा अपनी दोहरा चरित्र को दर्शा रही है। भाजपा सरकार को मै आगाह करता हुं अगर सरकार अपने आदेश वापस नहीं लेता है, तो हमें मजबूरन धरना प्रदर्शन कर बहरी और अंधी सरकार को जगाना पड़ेगा।



पेज 9 के शेष...

डिजिटल क्लास के...

सभी हायर सेकेण्डरी स्कूलों में कनेक्टिविटी बनाये रखकर बच्चों को क्लास का लाभ दिलाने के निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए.के. सारस्वत, डीएमसी केएस नायक, एलडीएम मो. मोफिज, गौरव गरियाबंद अभियान के नोडल मनोज केला एवं श्री श्याम चन्द्राकर सहित शिक्षकगण एवं अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

कॉलेज भवन की मांग...

रही है। मंगलवार को पूर्व निर्धारित घोषणा अनुसार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बेनर तले सैकड़ो छात्र-छात्राएं गरियाबंद- देवभोग नेशनल हाईवे 130 सी गोहरापदर में चक्का जाम कर दिए। छात्र-छात्राओं द्वारा चक्काजमा की जानकारी लगते ही बड़ी संख्या में पुलिस के जवान और अफसर भी मौके पर पहुंच गए और चक्का जाम कर रहे छात्र-छात्राओं को लगातार मनाने लगे।

भवन नहीं होने से हो रही परेशानी- ज्ञापन में मांग किया गया है कि 2018 से संचालित नवीन शासकीय महाविद्यालय गोहरापदर का भवन का निर्माण अब तक नहीं हुआ है। जिसके कारण छात्र-छात्राओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गोहरापदर हायर सेकेण्डरी स्कूल के मूल भवन निर्माण लगातार 3 वर्षों संचालित हो रहा है। लेकिन ठेकेदार के लापरवाही के कारण निर्माण कार्य ठप्प पड़ा हुआ है। कई बार शिकायत के बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। तत्काल निर्माण कार्य प्रारंभ करवाया जाए।

87 बच्चे स्पांसरशीप...

दीपक कुमार अग्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार पाण्डेय, महिला एवं बाल विकास अधिकारी दीपा शाह, जिला बाल संरक्षण अधिकारी अनिल द्विवेदी, बाल कल्याण समिति के सदस्यों के निगरानी में इन बच्चों लाभान्वित किया जायेगा।

पेंशनर भवन में शोकसभा का आयोजन

महासमुंद। पेंशनधारी कल्याण संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं महासमुंद जिला के पूर्व उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष स्वर्गीय नारायण लाल चंद्राकर के निधन पर पेंशन भवन महासमुंद में शोकसभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके आत्मा के शांति के लिए हनुमान चालीसा का पाठ किया गया तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए भगवान से प्रार्थना की गई। पेंशनधारी कल्याण संघ के जिला शाखा के अध्यक्ष डॉ अशोक गिरि गोस्वामी, प्रचार सचिव बंशीलाल चंद्राकर, सचिव बीआर देवांगन, कार्यालय सचिव बलराम ध्रुव, कोषाध्यक्ष भाव सिंह नेताम, सनमान दीवान, रघुनाथ सिन्हा, राम कुमार चंद्राकर ने उनके साथ बिताए हुए पल को याद करते हुए कहा कि नारायण लाल चंद्राकर एक अच्छे शिक्षक, कर्मठ समाजसेवी और जुझारू कर्मचारी नेता के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे। उनकी अंतिम यात्रा में जिलेभर से कर्मचारी नेता शामिल हुए।



नपाध्यक्ष ने वार्ड 7 में पिव्हर ब्लॉक निर्माण के लिए किया भूमिपूजन

महासमुंद। मंगलवार को नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग और पार्षद मीना वर्मा ने वार्ड 7 में पिव्हर ब्लॉक निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया। नपाध्यक्ष श्रीमती महिलांग ने बताया कि 20 लाख रुपए की लागत से वार्ड 7 में पार्षद निवास से नयापारा अंबेडकर स्कूल के साथ ही वार्ड के मुख्य मार्ग में दोनों ओर पिव्हर ब्लॉक लगाया जाएगा। इस अवसर पर श्रीमती महिलांग ने कहा कि वार्ड 7 के मुख्य मार्ग में पिव्हर ब्लॉक लग जाने के बाद मार्ग की सुंदरता बढ़ जाएगी और वार्डवासियों को बारिश के दिनों में कीचड़ और अन्य दिनों में धूल से राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि नगर पालिका शहर की मूलभूत सुविधाओं को लेकर संवेदनशील है। शहर के विभिन्न वार्डों में लगातार सड़क, नाली निर्माण जैसे निर्माण कार्य भूमिपूजन के बाद से प्रगतिपर है। भूमिपूजन के दौरान सभापति बबलू हरपाल, पार्षद हाफिज कुरैशी, माधवी महेंद्र सिक्का, लता कैलाश चंद्राकर सहित वार्ड नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहें।









विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

निषाद समाज के सम्मेलन में सीएम साय का हुआ स्वागत

सामाजिक उन्नति के लिए शिक्षा जरूरी : मुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

छत्तीसगढ़ निषाद केंवट समाज प्रदेश संगठन का 23 वी राज्य स्तरीय युवक-युवती एवं विधवा विधुर परिचय सम्मेलन आदर्श विवाह ग्राम फुंडहर में हुआ। इस कार्यक्रम में शामिल युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शरद पारकर ने बताया कि मुख्य अतिथि सीएम विष्णुदेव साय ने भगवान श्रीराम भक्त गुहा निषाद राज की पूजा-अर्चना कर 12 विवाहित जोड़ों को शुभकामनाएं दी। कहा कि सामाजिक उन्नति के लिये शिक्षा बहुत जरूरी है। शिक्षा से ही समाज आगे बढ़ता है।

कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ निषाद समाज के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर निषाद, पिछड़ा वर्ग आयोग छत्तीसगढ़ शासन नेहरू निषाद, विधायक मोतीलाल साहू, पूर्व मछुवा कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एमआर निषाद, महासचिव मनोहर निषाद, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष शरद पारकर, महिला प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष सुशीला निषाद, उपाध्यक्ष मनीषा निषाद, मदन निषाद , पुनारद निषाद, दीपक निषाद,अजित नाविक, उमाशंकर विनायक, ईश्वर निषाद, बसंत निषाद, झुमुक निषाद, पिंटू निषाद, नरेश निषाद सहित प्रदेश निषाद समाज के युवा, महिला , कर्मचारी , विधि साहित्य , मीडिया प्रकोष्ठ के पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग शामिल हुए। प्रारंभ में शरद पारकर सहित समाज के लोगों ने बड़े उत्साह के साथ मुख्यमंत्री का स्वागत गजमाला पहनाकर किया। संचालन नन्दकुमार निषाद ने किया। आभार अशोक निषाद ने। इस अवसर पर सीएम श्री साय ने नवापारा निषाद समाज सामुदायिक भवन के लिये 10 लाख रूपए दिया।



खबर संक्षेप

झांसी की रानी को किया याद

महासमुंद। ग्राम खरोरा में वीरांगना झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई गई। जिसमें उपसरपंच हेमलता चंद्राकर, शकुन चंद्राकर, बबली चंद्राकर, द्रोपती चंद्राकर, रामकुमार चंद्राकर रहे। हेमलता चंद्राकर ने रानी लक्ष्मीबाई की बहादुरी के बारे में बताया। लक्ष्मीबाई का पूरा जीवन प्रेरणा से भरा हुआ है। उन्होंने अंग्रेजों से डटकर मुकाबला किया। झांसी की रानी सभी महिलाओं के लिए एक आदर्श और प्रेरणा है। रानी लक्ष्मीबाई ने अपनी मातृभूमि की रक्षा करते-करते अपनी जान दे दी। उनकी वीरता आज भी करोड़ों लोगों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता- खूब लड़ी मर्दानी वह तो झांसी वाली रानी थी, सुनाया।

निधन

गंगा राम मरकाम

रसेला। ग्राम रसेला निवासी गंगा राम मरकाम 62 वर्ष का निधन रविवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में परिवार, समाज के अलावा अन्य समाज से लोग उपस्थित हुए। वे इन्द्रा बाई मरकाम के पति, भानु, नंदिनी, मधु के पिता, नंदकुमार, रमेशनन्दे के ससुर, पवन के चाचा थे।



विडंबना : छात्र-छात्राएं शिक्षण संस्थान के अभाव में दूसरे शहरों में पढ़ने को हैं मजबूर

नवापारा-राजिम में तकनीकी शिक्षा की एक भी शिक्षण संस्थान नहीं, उच्च शिक्षा भी खस्ताहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

पूरे छत्तीसगढ़ में धर्मनगरी के नाम से पहचाने जाने वाले व्यवसायधानी के नाम से सुप्रसिद्ध नवापारा शहर में तकनीकी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा का हाल बेहाल है। नवापारा एवं राजिम में तकनीकी शिक्षा के एक भी संस्थान नहीं है जिसका खामियाजा यहां के छात्र-छात्राएं भोग रहे है। यहां न ही कोई इंजीनियरिंग कॉलेज है और न ही कोई पॉलिटेक्निक कॉलेज। नर्सिंग मेडिकल के संस्थान से यह क्षेत्र अछूता है। आलम तो यह है कि तकनीकी शिक्षा का प्रथम पायदान माने जाने वाले आईटीआई भी नहीं है। पूरे छत्तीसगढ़ के छोटे से छोटे कई शहरों में आज शासकीय आईटीआई खुल गए है। इस पर जिम्मेदारो द्वारा ध्यान न देना छात्रों के भविष्य के साथ आजादी के 77 साल बाद भी बहुत बड़ा खिलवाड़ चल रहा है। यहां तक कि इस अंचल में डीएलएड एवं बीएड के एक भी शासकीय संस्थान भी उपलब्ध नहीं है। न ही कोई कृषि या लॉ कॉलेज है। इसलिए छात्र-छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के लिए अन्य शहरों की ओर रुख करना पड़ता है। रही बात उच्च शिक्षण संस्थान की उसका भी खस्ता हाल है। राजिम में उच्च शिक्षण संस्थान के रूप में केवल एक शासकीय राजीव लोचन महाविद्यालय है जहां बेसिक पाठ्यक्रम ही उपलब्ध है। रोजगार मूलक पाठ्यक्रम जैसे एमएससी, बायोटेक, एमसीए, बीकॉम विद बैंकिंग ,बीए ,एलएलबी ,बीकॉम ,एलएलबी ,बीसीए ,बीबीए ,एमबीए जैसे पाठ्यक्रम उपलब्ध नहीं है। जो आज के समय की मांग है एवं रोजगार मूलक पाठ्यक्रम है जो बीए, एमए ,बीकॉम ,एमकॉम ,बीएससी ,एमएससी ,पीजीडीसीए पाठ्यक्रम है उनकी भी सीटें लिमिट में है। जो छात्रों के संख्या के अनुपात में सीट बहुत कम संख्या में है।

25 वर्षों में शिक्षा के क्षेत्र में कोई खास प्रगति नहीं हुई

आईसेक्ट के संचालक बलराम देवांगन ने कहा कि विगत 25 वर्षों से नवापारा एवं राजिम में शिक्षा के क्षेत्र में कोई खास प्रगति नहीं हुई है राजिम वही का वही है नवापारा में उच्च संस्थान के रूप में केवल 2 शासकीय कॉलेज खुले है लेकिन उसमें भी आज के छात्र के मांग के अनुरूप रोजगार मूलक पाठ्यक्रम भी उपलब्ध नहीं है। आज बीए, एलएलबी ,इंटीग्रेटेड ,बीकॉम ,एलएलबी ,इंटीग्रेटेड ,बीसीए ,एमसीए ,बीबीए ,एमबीए ,इंजीनियरिंग ,नर्सिंग ,मेडिकल जैसे पाठ्यक्रमों की आवश्यकता है। छात्र शिक्षण संस्थान के अभाव में दूसरे शहरों में पढ़ने के लिए मजबूर है।



निजी कॉलेज में नर्सिंग की पढ़ाई करने मजबूर

ग्राम डोंगीतराई निवासी साखी निर्मलकर ने कहा कि वे 12वीं बायो संकाय में अच्छे अंकों से पास करने के बाद बीएससी नर्सिंग में प्रवेश लेने की इच्छुक थी लेकिन आसपास कोई भी शासकीय नर्सिंग कॉलेज नहीं होने के कारण एवं निजी नर्सिंग कॉलेज में एक लाख से अधिक फीस होने के कारण नर्सिंग की पढ़ाई नहीं कर पाई।



लिहाजा उसे मजबूरन कला में स्नातक कर संतोष करना पड़ा। जिसका मलाल उसे अब भी है।

शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में नहीं मिली सीट



ग्राम नवागांव निवासी खिलेश्वरी साहू ने कहा कि उसे इंजीनियरिंग करने इच्छा थी जिसके लिए उसने कक्षा 12 में पढ़ाई कर अच्छे अंकों से उत्तीर्ण भी हुई थी लेकिन रायपुर में एक मात्र शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में उनका चयन नहीं हो पाया एवं निजी इंजीनियरिंग कॉलेज में फीस इतनी अधिक है कि उतनी फीस जमा कर पाना असंभव था। लिहाजा बीएससी की पढ़ाई करना पड़ा।

सेना भर्ती के लिए ट्रेनिंग कैंप लगाया जाए

नवापारा के विजय यादव जो बीए की पढ़ाई पूरी कर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे है उनके अनुसार इस क्षेत्र में पुलिस भर्ती सेना भर्ती के लिए शासन द्वारा ट्रेनिंग कैंप लगाए जाने चाहिए एवं प्रतियोगी परीक्षा की कोचिंग की व्यवस्था भी शासन स्तर पर निःशुल्क उपलब्ध होनी चाहिए। गरीब परिवार के अभ्यर्थी रायपुर बिलासपुर भिलाई में जाकर कोचिंग नहीं कर सकते।



रोजगार मूलक तकनीकी पाठ्यक्रम का अभाव

यही हाल नवापारा नगर का है। नवापारा में उच्च शिक्षण संस्थान के रूप में एक निजी महाविद्यालय, एक शासकीय महाविद्यालय एवं एक कन्या महाविद्यालय है। कन्या महाविद्यालय लोगों को मांग पर विगत 2 वर्ष पूर्व ही प्रारंभ हुआ है। जो कन्या शाला के बिल्डिंग में संचालित है। अब तक अलग से बिल्डिंग नहीं है। नवापारा के दोनों शासकीय कॉलेज में भी बेसिक कोर्स ही संचालित है। छात्रों के मांग के अनुरूप रोजगार मूलक तकनीकी पाठ्यक्रम संचालित नहीं है। छात्र-छात्राओं को एमएससी के कुछ निकायों में पढ़ाई के लिए धमतरी जिले के कुरूद या महासमुंद अथवा रायपुर जाना पड़ता है। कौशल प्रशिक्षण के नाम में नवापारा एवं राजिम में शासकीय संस्थान की संख्या शून्य है। यहां के छात्र दूसरे शहरों में जाकर पढ़ाई करने के लिए मजबूर है। परिणाम स्वरूप वहां रहने एवं खाने-पीने का अतिरिक्त खर्च उन्हें उठाना पड़ता है। चूंकि अंचल में अधिकतर पालक कृषक है जो बड़े शहरों का खर्च नहीं उठा सकते लिहाजा उनके बच्चों को जो भी पाठ्यक्रम नवापारा-राजिम में उपलब्ध है उन्हें ही करने की उनकी मजबूरी है। इस अंचल में तकनीकी पाठ्यक्रम के लिए अच्छे संस्थान की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

आर्थिक तंगी के चलते मनचाहे पाठ्यक्रम नहीं पढ़ पा रहे

गौरतलब है कि नवापारा एवं राजिम से लगे कुछ ग्रामों में आईटीआई है। धमतरी जिले के कुरूद जो कि नवापारा-राजिम की तुलना में आबादी एवं क्षेत्रफल से भी कम है वहां एमएससी के समस्त संकाय के साथ-साथ शासकीय कृषि महाविद्यालय, जवाहर विद्यालय एवं केंद्रीय विद्यालय भी है। इस शहर में भी प्रतिभावान छात्रों की कमी नहीं है लेकिन शिक्षण संस्थाओं के अभाव के साथ-साथ आर्थिक तंगी के चलते मनचाहे पाठ्यक्रम नहीं पढ़ पा रहे है। जो पाठ्यक्रम यहां उपलब्ध है उसे मजबूरी में प्रवेश लेकर पढ़ाई करने विवश है अगर बड़े तकनीकी एवं उच्च शिक्षण संस्थान इस क्षेत्र में खोले जाए तो यहां के प्रतिभावान छात्र अच्छे इंजीनियर, डॉक्टर, वकील, कृषि, वैज्ञानिक बनकर न केवल अपना भविष्य संवारेंगे बल्कि अंचल का नाम रोशन करेंगे।

निजी शिक्षण संस्थान में पढ़ने को मजबूर है छात्र

इस क्षेत्र के कुछ मध्यम वर्गीय परिवार अपने बच्चों को एजुकेशन लोन लेकर बड़े शहरों के शिक्षण संस्थान में पढ़ाने को मजबूर है। उच्च आय वर्ग के लोग भी संस्थान के अभाव में रायपुर, भिलाई, बिलासपुर, पुणे ,बैंगलौर जैसे शहरों में अपने बच्चों को अधिक फीस देकर पढ़ाने मजबुर है। जिससे रहने खाने के खर्च के अतिरिक्त अन्य खर्च भी ज्यादा रहता है। बड़े शहरों में बच्चों को भेजने पर पालक की हमेशा चिंता बनी रहती है।

रबी फसल के संबंध में धनेन्द्र का बयान सफेद झूठ : अशोक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अपैक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू द्वारा रबी फसल को लेकर दिए गए बयान को सफेद झूठ करार देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा ऐसा कोई आदेश जारी नहीं हुआ है जिसमें धान बोने पर प्रतिबंध लगाया गया है या धान बोने पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाने की बात हो। श्री बजाज ने कहा कि श्री साहू अफवाह फैलाकर किसानों की झूठी वाहवाही लेने का प्रयास कर रहे है। कहा कि धमतरी व बालोद जिले के कुछ गांवो में भूजल स्तर गिरने के कारण किसानों ने धान नही बोने का फैसला किया है, चूंकि धान की फसल में पानी की खपत काफी अधिक होती है इसीलिए लोगों ने रबी सीजन में कम पानी में पकने वाली फसलें यानी दलहन-तिलहन की फसल लेने का निर्णय लिया है। यह गांव वालों का स्वयं का निर्णय है इस निर्णय से सरकार का कोई सरोकार नही है। श्री बजाज ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार दलहन-तिलहन की खेती को बढ़ावा दे रही है, इसी के मद्देनजर केन्द्र सरकार ने इस वर्ष अरहर के न्यूनतम समर्थन मूल्य में प्रति क्विंटल 550 रुपए, उड़द के मूल्य में प्रति क्विंटल 450 रुपए, मूंगफली के मूल्य में प्रति क्विंटल 406 रुपए, सुरजमूखी के मूल्य में प्रति क्विंटल 52 रुपए, तिल के मूल्य में प्रति क्विंटल 632 रुपए तथा नाईजरसीड के मूल्य में प्रति क्विंटल 983 रुपए की वृद्वि की है। ताकि इन फसलों के प्रति किसानों का रूझान बढ़े। श्री बजाज ने कहा की दलहन-तिलहन की खेती को प्रोत्साहन देने का अर्थ यह नहीं है कि धान की खेती को हतोत्साहित किया जा रहा है, उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसान जागरूक है तथा नफा नुकसान के मद्दे नजर कब कौन सी फसल लेना है भली भांति जानते है। श्री बजाज ने कहा कि पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा को वापस पाने के लिए भाजपा सरकार के खिलाफ झूठी अफवाह फैला रहे है।



मिलर्स इस बार कस्टम मिलिंग करने में असमर्थ : अग्रवाल

नवापारा-राजिम। राइस मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष गिरधारी अग्रवाल ने कहा कि पूर्व वर्षों का 4000 करोड़ रुपए लगभग बकाया भुगतान एवं वर्ष 2024-25 की एक पक्षीय दोषपूर्णपूर्ण कस्टम मिलिंग पॉलिसी के कारण पूरे प्रदेश के राइस मिलर्स ने कस्टम मिलिंग कार्य करने में असमर्थता व्यक्त की है। बताया कि वर्ष 2022-23 का 60 रुपए प्रति क्विंटल एवं वर्ष 2023-24 का कस्टम मिलिंग बिल का भुगतान, धान एवं चांवल परिवहन का भुगतान, बारदाना उपयोगिता शुल्क का भुगतान, एवं जूट बारदाना में नियम विरुद्ध कटौतियों, धान हैंडलिंग कार्य का भुगतान एवं अन्य भुगतान जो कि लगभग 4000 करोड़ रुपए होता है, अभी तक अप्राप्त है। इस संबंध में सक्षम अधिकारियों एवं राज्य सरकार को कई बार पत्र दिया जा चुका है परंतु अभी तक भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है। वर्ष 2024 -25 की एक पक्षीय एवं दोषपूर्ण कस्टम मिलिंग पॉलिसी, जिसमें निम्न अस्वीकार्य प्रावधान किए गए हैं, जिससे कस्टम मिलिंग कार्य करना लगभग असंभव है। कस्टम बिलिंग की दर जो पूर्व वर्ष में 120 प्रतिक्विंटल थी उसे कम करके 60/- प्रति क्विंटल किया गया। धान एवं चांवल परिवहन का पूर्व वर्ष में हमें वास्तविक दूरी की मान से परिवहन व्यय प्राप्त होता था जिसे कम करके जीरो से 8 किलोमीटर का ही परिवहन व्यय प्रावधान का उल्लेख है। पूर्व वर्ष में हमें 80 रुपए प्रति क्विंटल अनुमानित धान चावल का परिवहन व्यय मिलता था उसे कम करके 14 रुपए प्रति क्विंटल प्रदाय करने का उल्लेख है। वर्तमान में भारतीय खाद्य निगम गोदाम में चांवल रखने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं है।





खबर संक्षेप

कनेकेरा समिति के अध्यक्ष बने हिरेंद्र

महासमुंद। ग्रामीण सेवा सहकारी समिति कनेकेरा (शेर) के अध्यक्ष के लिए ग्राम पंचायत शेर के पूर्व सरपंच हिरेंद्र साहू को नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर किसान एवं ग्रामीणों ने हर्ष जताया है।

सर्वे के लिए तीन दिवसीय कैंप आयोजित

महासमुंद। नगर पंचायत पिथौरा में प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत संभावित पात्र हितग्राहियों का रैपिड असेसमेंट सर्वे आयोजित किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार यह सर्वे 19 से 21 नवंबर 2024 तक विभिन्न वार्डों में किया जाएगा। मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पंचायत पिथौरा से प्राप्त जानकारी अनुसार यह शिविर 19 नवंबर को वार्ड 01 से 05 तक, शारदा चौक रंग मंच, 20 नवंबर को वार्ड 06 से 10 तक, मंदिर चौक रंगमंच और 21 नवंबर को वार्ड 11 से 15 तक नगर पंचायत पिथौरा कार्यालय परिसर में आयोजित किए जाएंगे। सर्वे प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए धरमुराम सिन्हा, मुकेश निषाद, सुरेंद्र नायक, धनेंद्र साहू और धनेश्वर निषाद की ड्यूटी निर्धारित की गई। सभी संबंधितों को निर्देश दिया गया है कि पात्र हितग्राहियों के सर्वेक्षण कार्य को समय पर पूरा करें।

बैठक : तर्रा और करुषकेरा में चेन माउंटेन मशीन से हो रहा है अवैध रेत उत्खनन

जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर करें कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन पर रोकथाम करने एवं खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर दीपक अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में खनिज के अवैध उत्खनन को रोकने विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में खनिज के अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोकथाम के लिए कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। साथ ही खनिज, राजस्व एवं पुलिस विभाग के संयुक्त जांच दल को सक्रियतापूर्वक कार्य करते हुए लगातार निगरानी बनाये रखने के निर्देश दिये। इस दौरान बैठक में अपर कलेक्टर अरविन्द पाण्डेय, सर्व एसडीएम, डीएसपी निशा सिन्हा, जिला खनिज अधिकारी सहित परिवहन एवं वन विभाग के अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

- संयुक्त जांच दल सक्रियतापूर्वक करें कार्य
- कलेक्टर ने जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स की बैठक में दिए निर्देश



दिन-रात चेन माउंटेन मशीन से हो रहा अवैध रेत खनन

गौरतलब है कि जिले के तर्रा और कुरुश्केरा में बीते एक माह से पैरी नदी में अवैध रेत खनन और परिवहन धड़ल्ले से हो रहे हैं। इसकी शिकायत भी लगातार हुए है बावजूद इन पर कार्यवाही नहीं हो रही हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक इन गांव में पैरी नदी से रेत खनन करने गांव में रेत खदान नीलामी पर बेचा गया है। जिसके बाद दिन रात रेत खनन चैन माउंटेन मशीन से हो रही है। यहां कार्यवाही तो दूर इस ओर झांकने तक अधिकारी और उसका अमला नहीं आते। इन खदानों में पॉलिटिक्स भी घुसा हुआ है रेत खदान की तार जिला पंचायत तक जुड़े हुए है। जिसके चलते भी अधिकारियों के हाथ पांव फूले हुए हैं। माइनिंग अधिकारी को शिकायत करने पर हर बार की तरह उनका रटा रटाया जवाब आता है कि उनके पास स्टॉप की कमी है या उनके सरकारी गाड़ी खराब है।

ओवर लोड की शिकायत पर करें कार्रवाई

कलेक्टर ने अति संवेदनशील हीराधारित क्षेत्र पर वन सुरक्षा समिति एवं पुलिस द्वारा अवैध उत्खनन परिवहन की रोकथाम करने आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिये। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण एवं रोकथाम के लिए नियमित संयुक्त जांच में पुलिस द्वारा आवश्यक बल प्रदान करने तथा पुलिस चौकी में जब्त वाहनों को सुरक्षा में लेने के संबंध में भी निर्देश दिये। खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर रोक लगाने के लिये रात्रि कालीन संयुक्त जांच के संबंध में भी सक्रियतापूर्वक कार्य करने के निर्देश दिये। उन्होंने खनिज परिवहन करने वाले वाहनों में ओवर लोड की शिकायत पर भी कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। निर्माण ऐजेंसी विभागीय निर्माण कार्यों में खनिज की आपूर्ति के लिए विभाग के नाम पर अधिक से अधिक खदान आरक्षित कराने एवं निर्माण विभाग द्वारा कार्यालय से रायल्टी चुकता प्रमाण पत्र के बिना फाइनल पेमेंट नहीं करने के संबंध में भी चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिये।

बलवाड़ी प्रभारी शिक्षकों को शिक्षा के महत्व के बारे में दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरा

ब्लॉक में आह्वान संस्था द्वारा 18 नवंबर को बालवाड़ी प्रभारी शिक्षकों की समीक्षा और सह क्षमतावर्धन बैठक आयोजित किया गया। ब्लॉक में संचालित बालवाड़ी के प्रभारी शिक्षकों की सहाक्षमतावर्धन और समीक्षा बैठक आयोजित की गई। यह बैठक जिला शिक्षा अधिकारी एके सारस्वत, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा, केएस नायक, विकासखंड शिक्षा अधिकारी केएस मतावले के दिशा निर्देशन में संपन्न हुई। बैठक के पहले सत्र में नए बालवाड़ी प्रभारी शिक्षकों को प्रारंभिक बाल्यकाल देखभाल और शिक्षा के महत्व, बच्चों के विकासात्मक आयाम, थीम आधारित पाठ्यक्रम और खेल आधारित शिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। शिक्षकों को पाठ्ययोजन लेसन प्लान और बच्चों की अवधारणाओं को समझने के बारे में भी बताया गया। सत्र में भाषा विकास, संज्ञानात्मक विकास, और सर्कल टाइम की डेमो प्रस्तुति दी गई, जिससे शिक्षकों को गतिविधियों के माध्यम से शिक्षण विधियों को समझने का अवसर मिला। दूसरे सत्र में पुराने बालवाड़ी प्रभारी शिक्षकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई जिसमें उनकी कार्यप्रणाली की समीक्षा की गई। और बच्चों के विकासात्मक सीखने के परिणामों पर चर्चा की गई। चर्चा के दौरान भाषा और संज्ञानात्मक विकास, मिश्रित गतिविधियां पाठ्यक्रम का उपयोग कर कक्षा संचालन पर विशेष ध्यान दिया गया। बैठक में बच्चों के सीखने के संकेतक, लक्षित उद्देश्य की प्राप्ति, आगामी पालक बैठक की योजना और भविष्य की कार्ययोजनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस समीक्षा बैठक में ब्लॉक समन्वयक एचके देवांगन आह्वान ट्रस्ट से जिला समन्वयक, विजय यादव और समीर कसेर तथा सहायक समन्वयक अश्वनी कुमार उपस्थित रहे।

अगहन का पहला गुरुवार 21 को, होगी मां लक्ष्मी की पूजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला



क्षेत्र में अंचल सहित अगहन माह के प्रत्येक गुरुवार का विशेष महत्व है। इस साल 21 नवंबर को अगहन का प्रथम गुरुवार का पर्व मनाया जाएगा। अगहन माह में मां भगवती की उपासना शुभ फलदायी होती है। इस बार अगहन माह में 4 गुरुवार पड़ेंगे। अगहन माह 16 नवंबर से शुरू हो गया है ,जो 15 दिसंबर तक चलेगा। क्षेत्र में अगहन माह के गुरुवार को विशेष रूप में मानते हैं, जिस घर में इस दिन पूजा अर्चना करते हैं, इस दिन किसी से लेन देन नहीं किया जाता। महाराज गोलू शर्मा के अनुसार विभिन्न नक्षत्रों का संयोग भी बन रहा है। इस बार पहला गुरुवार 21 नवंबर, दूसरा 28 और दिसंबर माह में 5 और 12 को पड़ेगा। शास्त्रगत मान्यताओं के आधार पर अगहन गुरुवार में व्रत रखने का विधान है। इस दिन स्नानादि से निवृत्त होकर व्रत का संकल्प किया जाता है और शाम को चंद्रमा के उदित होने के उपरांत पुष्प, नैवेद्य, धूप, दीप प्रज्वलित कर भगवान गणेश की पूजा की जाती है। ज्यथोषियो के अनुसार इस दिन चंद्रमा को अर्ध्य देने से चन्द्र देव की कृपा प्राप्त होती है। पौराणिक मान्यतानुसार अगहन माह महालक्ष्मी का महीना माना गया है। इस माह मां लक्ष्मी महीने पृथ्वी में विचरण करती है। इस दिन व्रत रखने वाले के घर में साफ-सफाई, सजावट व मन, वचन और कर्म से पूरी सात्विक रहती है। यही वजह है कि महिलाएं हर बुधवार को घर द्वारा को रंगोली से सजाकर मां पुजा स्थल तक देवी के पग चिन्ह बनाकर गुरुवार को भोर में उनका आह्वान करती है। सुबह, दोपहर और शाम तीनों समय उन्हें भोग अर्पित करते हुए पूजा अर्चना की जाती है। व्रत रखने वाले घर उनके मुख्य द्वार से लेकर पूजा स्थल तक चावल आटे के घोल से मां लक्ष्मी के पद चिन्ह बनाएं जाते हैं। ऐसी मान्यता है कि अगहन गुरुवार में मां लक्ष्मी पृथ्वी लोक में विचरण करने आती है। इस अवसर पर जो श्रद्धालु व्रत रखकर मां लक्ष्मी की विधिवत पूजा अर्चना करता है। उसे सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है।



सिर्रीखुर्द स्कूल में मनाई गई रानी लक्ष्मी बाई की जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईहा बेलर

प्राथमिक शाला सिर्रीखुर्द मे रानी लक्ष्मी बाई की जयंती मंगलवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। शिक्षक खोमन सिन्हा ने स्कूल के बच्चों को बताया कि रानी लक्ष्मीबाई झांसी की वीरांगना थीं। दजिन्होंने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रानी लक्ष्मीबाई का बचपन बहुत ही संघर्षपूर्ण था। उनके पिता की मृत्यु जब वे केवल चार वर्ष की थीं, तब हो गई थी। इसके बाद उनकी माता ने उनका पालन-पोषण किया।1842 में रानी लक्ष्मीबाई का विवाह झांसी के राजा गंगाधर राव से हुआ। वे एक अच्छी पत्नी और रानी साबित हुई। 1857 में भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की शुरुआत हुई। रानी लक्ष्मीबाई ने इस संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अपनी सेना के साथ अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी। कार्यक्रम में प्रधान पाठक जगन्नाथ ध्रुव, शिक्षक घनश्याम कंवर, दुर्गेश विश्वकर्मा, लीलाराम मतावले, निरूपा निषाद, मंदाकिनी साहू, शिक्षक खोमन सिन्हा उपस्थित रहे।

बच्चों की दक्षता परखने शालाओं में हुआ मॉक टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डुका



छुरा विकासखंड के सभी स्कूलों में कक्षा 3री, 6वीं व 9वी में परख परीक्षा का पहला मॉक टेस्ट आयोजित किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी के एस मतावले एवं ब्लॉक समन्वयक एच के देवांगन ने बताया कि पूरे ब्लॉक में एक ही समय मे यह मॉक टेस्ट आयोजित किया गया। जिसमें सभी प्राचार्य एव संकुल समन्वयक नोडल एवं सहायक नोडल नियुक्त किए गए थे।

विकासखंड समन्वयक एच के देवांगन ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर परख परीक्षा का आयोजन 4 दिसम्बर को होना है। यह राष्ट्रीय स्तर का उपलब्धि सर्वेक्षण है। इसकी पूर्व तैयारी के लिए राज्य स्तर पर सभी स्कूलों में मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया है। इसी संदर्भ में दिनांक 18 नवम्बर को छुरा विकासखंड के सभी शासकीय एवं निजी स्कूलों में मॉक टेस्ट आयोजित किया गया। जिसमें कक्षा 3, 6 व 9 के बच्चों को शामिल किया गया। यह सर्वेक्षण बच्चों की दक्षता संबंधी सर्वेक्षण है। जिसका उद्देश्य स्कूली शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या 2023 के साथ उच्च गुणवत्ता युक्त वैश्विक मूल्यांकन विकसित करना है। इस सर्वेक्षण के माध्यम से संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था का मूल्यांकन होगा। इस परख सर्वेक्षण में कक्षा 3 के लिए भाषा, गणित एवं आसपास की दुनिया से संबंधित 45 प्रश्न, कक्षा 6 के लिए उक्त विषय संबंधित 51 प्रश्न तथा कक्षा 9 के लिए 60 प्रश्न पूछे जाएंगे। इसमें नेगेटिव मार्किंग नहीं होगी। मॉक टेस्ट से पहले राज्य द्वारा बच्चों की तैयारी के लिए प्रश्न बैंक, रीडिंग पुस्तिका पीडीएफ, ओएमआर शीट भरने संबंधी वीडियो आदि सामाग्री उपलब्ध कराया गया है ताकि बच्चे अच्छे से अभ्यास कर पाए। छुरा विकास खंड के सभी निजी व शासकीय विद्यालयों मे मॉक टेस्ट के निरीक्षण के लिए ब्लॉक स्तर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड समन्वयक को नोडल एवं सहायक नोडल, संकुल स्तर पर संकुल प्राचार्य एव संकुल समन्वयक को नोडल एवं सहायक नोडल नियुक्त किया गया था जिनके माध्यम से मॉक टेस्ट का सघन निरीक्षण किया गया तथा मॉक टेस्ट को सफलता पूर्वक आयोजित किया गया।

सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता: देवांगन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नगर में युवा संगठन के द्वारा आयोजित अंतर्राज्यीय रात्रिकालीन टेनिस बॉल क्रिकेट टूनार्मेंट के नगर स्तरीय फाइनल व अंतर्राज्यीय सेमीफाइनल में युवा भाजपा नेता किशोर देवांगन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सर्वप्रथम श्री देवांगन ने पूजा अर्चना कर खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया। नगर स्तरीय फाइनल मैच बकली इलेवन एवं तर्री इलेवन के बीच खेला गया। जिसमें बकली इलेवन ने जीत हासिल किया। इस अवसर पर श्री देवांगन ने खिलाड़ियों से कहा कि खेल को जिंदगी का अहम हिस्सा बनाना चाहिए चूंकि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। अपने सपने को जीना सीखना चाहिए। खेल के माध्यम से हम शारीरिक विकास के साथ-साथ कैरियर निर्माण कर सकते है। कहा कि खेल में हारने के बाद भी जो मन से हार नहीं मानता, वह खिलाड़ी ही असली बाजीगर है। श्री देवांगन ने कहा कि सफलता का प्रथम सीढ़ी परिश्रम ही है। सीखने की आदत, कठिनाइयों का सामना करना व स्वयं का मूल्यांकन सफलता का मूलमंत्र है। उन्होंने कहा कि खेल, खेलने का कोई उम्र नहीं होता। वर्तमान आधुनिक युग में शरीर का स्वस्थ रहना अति आवश्यक है। किसी भी व्यक्ति का सर्वांगीण विकास खेल से ही संभव है। खेल के माध्यम से हम अपने समाज, नगर व राज्य का गौरव बढ़ा सकते हैं। श्री देवांगन ने कहा कि खेल में जीत या हार मायने नहीं रखता। वर्तमान आधुनिक युग में हम खेल में भी अपने परिवार, समाज व गांव का नाम रौशन कर सकते हैं। खेल से हम टीम भावना,दृढ़ता ,अनुशासन व नेतृत्व क्षमता विकास करते हैं तथा आने वाले पीढ़ी के लिए रोल मॉडल तैयार करते हैं।

स्वस्थ शरीर में ही होता है स्वस्थ मन का वास

श्री देवांगन ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। सबसे बड़ा खिलाड़ी वो नहीं होता जो कभी नहीं हारता बल्कि वो होता है जो कभी हार नहीं मानता। हम लोगों को हमेशा अपनी गलती से सीखकर, अगले टूनार्मेंट में सर्वश्रेष्ठ करने का प्रयास करना चाहिए। जो व्यक्ति मन से हार जाता है वो कभी नही जीत सकता इसलिए अपने मनोबल को कभी भी टूटने नही देना चाहिए। खेल के माध्यम से हम आने वाली पीढ़ी को नई दिशा दे सकते हैं तथा युवाओं के भारत देश को विश्व पटल पर अलग पहचान दिला सकते हैं। आयोजक समिति के भागवत सोनकर ने कहा कि युवा ही राष्ट्र के नवनिर्माता होते हैं तथा गांव, राज्य व देश का नाम रौशन करते हैं। जिंदगी में हार या जीत मायने नहीं रखता बल्कि खेल, खेलना महत्वपूर्ण है। उक्त फाइनल समारोह में प्रमुख रूप से आयोजक समिति के भागवत सोनकर, थनवार साहू, जसबीर छाबड़ा, शेखर साहू, संजू नागरची, तपन सोनकर, कमेंट्रेटर रियाज खान, शालू एशानी एवं नगर के अनेक दर्शक व युवा खिलाड़ी मौजूद थे।

पंचायत उपाध्यक्ष ने किसानों को किया बीज का वितरण



मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 26 किलो मीटर दूर ग्राम पंचायत गोना में कृषि विभाग द्वारा एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फसल चक्र परिवर्तन के तहत रवि फसल में दलहन-तिलहन को बढ़ावा देने किसानों को बीज वितरण किया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष संजय नेंताम ने किसानों को बीज वितरण किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से कृषि अधिकारी भावेश साडिल्य, भुनेश्वर नेगी अर्जून सिंह भानुराम, ओमप्रकाश, मोहन राम, गोकुल, तोरण सिंह, भैयालाल, सरपंच सुनिल मरकाम एवं ग्रामीण कृशि अधिकारी नंदलाल देव उपस्थित थे।



वन विभाग द्वारा कूप कटिंग कार्य शुरू

मैनपुर। तहसील मुख्यालय मैनपुर से 14 किलो मीटर दूर वन परिक्षेत्र धवलपुर अन्तर्गत पारागांव जंगल क्षेत्र में कूप कटिंग कार्य इन दिनों किया जा रहा है। वन विभाग द्वारा जंगल के भीतर कुछ वर्षों में कूप कटिंग किया जाता है जिसके तहत चिन्हांकित पेड़ों की कटिंग किया जा रहा है ।

नवापारा में इंदिरा गांधी की मनाई गई जयंती



नवापारा-राजिम। मंगलवार को संगवारी कार्यालय में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस नेताओं ने इंदिरा गांधी को आयरन लेडी के रूप में देश ही नहीं पूरी दुनिया में एक अलग पहचान बनाई थी देश के प्रति उनके अनेक योगदान को याद करते हुए उनके जयंती पर कांग्रेस पार्षद अजय कोचर, जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव रामा यादव, पार्षद अनूप खरे, अजय साहू, हेमंत साहनी, महामंत्री राजा चावला, फागू देवांगन, रामरतन निषाद, गोल्डी पारख, डॉ. रामकुमार शर्मा, निर्माण यादव, दाऊ राम साहू, माखन निषाद सहित अनेको कांग्रेसजन मौजूद थे।





